झिलमिल सितारे



झिलमिल सितारे - कविता संग्रह

कवयित्री
कविता फुलारे

संकल्पना
श्री प्रमोद निगुडकर, सी ई ओ - विपला फाउंडेशन

जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बी के सी), बांद्रा (पूर्व),
मुंबई, महाराष्ट्र 400 098

Copyright © Vipla Foundation

झिलमिल सितारे - कविता संग्रह

संकल्पना	श्री प्रमोद निगुडकर, सी ई ओ - विपला फाउंडेशन
कवयित्री	कविता फुलारे
पृष्ठ सज्जा मुखपृष्ठ	प्रियांका कानगुडे
चित्रकार	अभय यादव 10 साल, कक्षा 1ली जैनब खान 10 साल, कक्षा 1ली शिवांगी पाण्डेय 12 साल, कक्षा 1ली हुसना चौधरी 12 साल, कक्षा 4ली जोहरा खान 12 साल, कक्षा 4ली
संस्करण	फरवरी 2026 / 300 प्रतिया

संस्करण सहाय
केतन गाला, नवनीत फाउंडेशन

NAVNEET FOUNDATION
FOR IT IS IN GIVING THAT WE RECEIVE

Copyright © Vipla Foundation

बारिश

सर सर सर सर बारिश आयी,
यहाँ वहाँ हरियाली छायी।
मोर, तोता, गौरैया आयी,
खुशी आनंद ने कविता गायी।
टप, टप टप, टप बूंदे लायी,
बारिश आयी, बारिश आयी।



Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

मोर

सुंदर सुंदर प्यारा मोर
पंख पसारे नाचे मोर।
थुई, थुई, थुई, थुई झूमे मोर,
पंख पसारे नाचे मोर।
बारिश आयी हो गया शोर
पंख पसारे नाचे मोर।




Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

जंगल

एक था जंगल, बड़ा ही सुंदर।
चंपा, बेला, गेंदा, गुड़हल
कमल खिला पानी के अंदर।
रहते जंगल में जंगली प्राणी,
लोमड़ी, हाथी, झेब्रा और बंदर।
एक था जंगल बड़ा ही सुंदर।



Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

फूल

लाल, पीला, नीला-नीला
सुंदर सुंदर फूल खिला।
फूल की खुशबू वाह वाह वाह
फूल को तोड़ो ना-ना-ना।




Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

सब्जियाँ


टमाटर बोला मैं लाल लाल, मुझे खाओगे, गाल होंगे लाल।
मिर्च बोली मैं तीखी तीखी, पानी पिओ लगेगी हिचकी।
गाजर बोला मैं जमीन के अंदर, खाते मुझे खरगोश और बंदर।
नींबू बोला मैं खट्टा खट्टा, शरबत बनाओ खट्टा-मीठा।
भिंडी, मटर, प्याज, आलू खाओ अच्छी अच्छी सेहत बनाओ।



Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

१ से १०


१, २, ३, ४,
सब बच्चे होशियार।




५, ६, ७, ८
माला बनाओ बाँधो गाँठ।




९, १०, ९, १०
खेलो, कूदो बस बस।






Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

सर्दी का मौसम

सरदी का मौसम है आया,
ठंडी ठंडी हवा है लाया।
स्वेटर पहनो कानटोपी पहनो,
सरदी का मौसम है आया।
गरमा गरम पकोड़े और भजिया,
माँ ने प्लेट में सारा लाया।
आईसक्रीम, शरबत से दूर रहो,
सरदी का मौसम है आया।



Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

जन्मदिन

जन्मदिन जब आता है,
घर गुब्बारों से सजता है।
मामा केक, चॉकलेट लाता है,
भैया दोस्तों को बुलाता है।
दोस्त बहुत उपहार (तोहफे) लाते हैं,
हॅप्पी बर्थडे का गाना गाते हैं।



Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

सितारे

आसमान में बहुत सितारे
चमचम चमचम करते हैं।
कभी यहाँ, कभी वहाँ
सारे बिखरे रहते हैं।
सोच रहा हूँ, ऊपर जाऊँ,
एक तारा तोड़कर लाऊँ।
माँ बोली ऊपर कैसे जा पाओगे,
अरे बुद्धू नीचे गिर जाओगे।



Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

रेलगाड़ी

छुक छुक छुक छुक करती रेल,
सरपट सरपट चलती रेल।
डिब्बे उसके बहुत सारे,
अंदर लोग भरे भरे।
रेल जाए आगे आगे,
पेड़ पहाड़ी पीछे भागे।
रेलगाड़ी से गाँव जाती हूँ,
बहुत मजे करती हूँ।




Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation



चिड़िया



चीं चीं चीं चीं करती चिड़िया,
यहाँ वहाँ फुदकती चिड़िया।
चोंच उसकी छोटी छोटी,
बाबू डाले उसको, रोटी।
अरे रोटी नहीं वो खाती है,
दाना खाने आती है।
चीं चीं चीं चीं करती है।



Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation



गुड़िया



पिंकी के दादाजी आये,
उसके लिए गुड़िया लाये।
सुंदर सुंदर गुड़िया रानी,
गुलाबी लाल फ्रॉक है पहनी।
बालों की चोटी है डाली,
ओठों पर लाली ही लाली।
नहलाये सजाए उसको पिंकी,
नाम गुड़िया का रखा चिंकी।





Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation



बाबू



घर में छोटा बाबू है,
दिनभर सोता रहता है।
मुहँ में उसके दाँत नहीं,
सिर पर उसके बाल नहीं।
दूध पीता रहता है,
रात हुई तो रोता है।
दादा दादी का दुलारा है,
छोटा बाबू प्यारा है।




Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

हाथी

बापरे S S गोलू मोलू हाथी है आया,
आते ही इत्ते इत्ते केले है खाया।
केले खाकर गोलू मालू, इत्ता खुश हुआ।
सूंड़ उठाकर उसने सबको
नमस्ते किया।



Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

ईद

बुआ चाची फूफी आयी , अम्मी सुंदर कपड़े लायी।
दीदी ने हाथों पर मेहंदी लगाई , दादी ने ईदी बँटाई।
मीठी मीठी सेवईं खायी , सभी ने खुशी से ईद मनायी।
ईद मुबारक। ईद मुबारक।



Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

सर्कस



ढम ढम बजा ढोल,
सर्कस का बड़ा सा गोल।
हाथी घोड़ा बाघ प्राणी हैं आए,
साथ में छोटा सा जोकर हैं लाए।
जोकर की बातों से सब हुए लोटपोट,
बंदर ने पहना था सुंदर सा कोट।
मुझे तो सर्कस बहुत पसंद आयी,
अब सर्कस दूसरे गाँव चली गई।



Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

पुलिस

पकड़ो पकड़ो भागा चोर,
पुलिस बुलाओ बाँधो डोर।
चोर आया डरना नहीं,
पुलिस बुलाओ यही सही।
पुलिस आयेगी चोर को पकड़ेगी,
हमारा परिसर सुरक्षित रखेगी।



Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

तिरंगा

तीन रंग का प्यारा प्यारा, झंडा ऊँचा रहे हमारा।
आओ मिलकर साथ साथ हम, पकड़े साथ हाथ हाथ हम,
रखे परिसर साफ साफ हम, ये है अब प्रण हमारा।
तीन रंग का प्यारा प्यारा, झंडा ऊँचा रहे हमारा।
झंडे को प्रणाम हमारा।



Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

सांताक्लॉज

सांताक्लॉज सांताक्लॉज सांताक्लॉज आया,
येशू का जनमदिन आज है ना।
सांताक्लॉज सांताक्लॉज सांताक्लॉज आया
बहुत सारे खिलौने चॉकलेट है लाया।
सांताक्लॉज सांताक्लॉज सांताक्लॉज आया।





Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

गरमी का मौसम

गरमी का मौसम आता है,
हमें बड़ा सताता है।
कड़ी धूप में जाओ मत,
पसीने से नहाओ मत।
छाता टोपी ले जाओ जी,
आईस्क्रीम शरबत पिओ जी।



Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

हरे हरे पेड़

हरे हरे पेड़, छोटे बड़े पेड़,
फलों फूलों से, भरे भरे पेड़।
फूलों की खुशबू वाह वाह वाह,
फलों की मिठास वाह वाह वाह।
बहुत सारे पेड़ लगावो जी,
पृथ्वी को बचाओ जी।
सुंदर सुंदर प्यारे पेड़,
हरे हरे पेड़, छोटे बड़े पेड़।

Scan and watch the video

Copyright © Vipla Foundation

विपला फाउंडेशन के बारे में

प्रकाशन विपला फाउंडेशन

पत्ता जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बी के सी), बांद्रा (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र 400 098

विपला फाउंडेशन के बारे में

विपला फाउंडेशन (सेव द चिल्ड्रन इंडिया के रूप में पंजीकृत) एक ऐसी गैर-सरकारी संस्था है जो सर्वसमावेशी शिक्षा, जलद हस्तक्षेप, हिंसा से सुरक्षा और कौशल निर्माण के माध्यम से वंचित बच्चों और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। 1988 में स्थापित, विपला फाउंडेशन समाज के भीतर स्थायी और परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए गहराई से काम कर रही है जिससे हर बच्चे और महिला को सम्मान के साथ आगे बढ़ने में मदद मिल सके।



विजन

विपला फाउंडेशन भारत को एक बालस्नेही राष्ट्र के रूप में देखता है।



मिशन

कमजोर बच्चों और महिलाओं के खिलाफ शोषण और सभी प्रकार के भेदभाव को रोकना, उन्हें सम्मान, आत्मसम्मान और स्वतंत्रता का जीवन जीने के लिए सशक्त बनाना।

बच्चे को सीखने, बढ़ने और फलने-फूलने में कोई बाधा न आये यह सुनिश्चित करने के लिए विपला फाउंडेशन सामाजिक संस्था, शासकीय व्यवस्था और जनसमुदायों को मजबूत करना चाहता है। विपला फाउंडेशन का यह काम महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में जारी है।

ईमेल info@viplafoundation.org

वेबसाइट www.viplafoundation.org

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

Copyright © Vipla Foundation

झिलमिल सितारे - कविता संग्रह के बारे में

झिलमिल सितारे इस कविता संग्रह में हमारे सारे विशेष बच्चों को ध्यान में रख कर लिखी गई कविताओं की सुंदर श्रृंखला है। इस श्रृंखला मे जुडीं हुई हर एक कविता सरलता से हमारे सारे प्यारे बच्चों को स्वाभाविक आनंद देगी। कर्णबधिर बच्चे अपने आसपास होनेवाली घटने वाली सारी घटनाओंका बडीं बारीकी से निरीक्षण करते हैं और उनका वर्णन भी करते हैं और इन वर्णन पर आधारित इन कविताओंकी रचना की गई हैं। बच्चे जब अभिनय के साथ ताल में इन कविताओ को गायेंगे तो उनका आनंद द्विगुणित होगा। रोज की दिनचर्या में आने वाली भाषा तथा संकल्पना पर आधारित सहज सुलभ भाषा निर्मिती पर ध्यान दिया गया है। यह कवितायें हमारे बच्चों का ज्ञान बढायेंगी, भाषा विकास मे मदद करेंगी और मनोरंजन के साथ सभी से जुडें रहने में प्रोत्साहित करेंगी।

Scan and watch the Poem Playlist

Copyright © Vipla Foundation